अमर उजाला २५/०४/२०२३

पोस्टर प्रतियोगिता में सुनील कुमार प्रथम

अंबाला। कैंट स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महिला संकाय और एसडीजी सेल ने भ्रूण हत्या विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिता में 12 छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें एमकॉम फाइनल सुनील कुमार प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष से आक्षी द्वितीय, बीकॉम प्रथम वर्ष से प्रीति तृतीय, एमकॉम द्वितीय वर्ष से हर्षिता चतुर्थ स्थान पर रहीं। इसके अलावा बीबीए द्वितीय वर्ष की सिमरनजीत कौर को सांत्वना पुरस्कार मिला। महिला संकाय की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने सभी को इस कार्यक्रम की भूमिका बताई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बच्चों की प्रतियोगिता में भाग लेने पर सराहना की। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवनीत गुलाटी ने किया। इस मौके पर डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. अंशु , डॉ. मीनू राठी मौजूद रहे। संवाद